# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, भारत कनेक्ट,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 11.08.2025

# मलदहिया चौराहे से फातमान रोड तक संगीत पाथवे बनाने की तैयारी

## राज्यमंत्री ने वीडीए के अधिकारियों को दिए निर्देश

**वाराणसी।** सेंट्रल जेल रोड की तर्ज पर मलदहिया चौराहे से फातमान रोड तक संगीत पाथवे बनाया जाएगा। इसकी तैयारी वीडीए की ओर से की जा रही है। इसमें ढोलक, शहनाई, तबला, पखावज आदि वाद्य यंत्र लगाए जाएंगे।

फातमान में शहनाई के जादूगर भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान और उमराव जान की कब्र है। यहां हर साल खिराज-ए-अकीदत पेश की जाती है। वीडीए के अधिकारियों ने बताया कि संगीत पाथवे के लिए स्थल का निरीक्षण पिछले दिनों हुआ था। इसे जल्द फाइनल किया जाएगा। इस मार्ग के बिजली और केबल के तारों को भूमिगत किया जाएगा।

इस मार्ग के ट्रांसफॉर्मर को भी किनारे किया जाएगा। इसके अलावा यहां कई सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि फुलवरिया की तर्ज पर मलदहिया से फातमान तक संगीत पाथवे बनाया जाएगा। इसके लिए वीडीए के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। ब्यूरो

### *एक पथ साहित्यकारों को भी होगा समर्पित*

*काशी के बड़े साहित्यकारों में शामिल भारतेंदु हरिश्चंद्र, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, गोस्वामी तुलसीदास आदि को समर्पित साहित्य पथ तैयार किया जाएगा। इसके लिए अभी स्थल फाइनल नहीं हुआ है। पिछले दिनों यूपी कॉलेज, मैदागिन, विश्वेश्वरगंज, टाउनहॉल, नागरी प्रचारिणी सभा आदि का निरीक्षण हो चुका है। यहां आकर्षक लाइटिंग, संबंधित साहित्यकारों को ध्यान में रखकर निर्माण कराया जाएगा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का उल्लेख होगा।*

### भारत कनेक्ट–दि0 11.08.2025

# प्राधिकरण अभिलेखों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**भारत कनेक्ट संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण के पुराने अभिलेखों एवं मानचित्रों के संरक्षण एकीकृत कीट प्रबंधन एवं पर्यावरण निगरानी प्रणाली की स्थापना हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) के अनुसार कुल 14,99,844 रुपए के प्रोजेक्ट को अनुमोदन प्रदान किया गया ह। इस परियोजना की कार्यदायी संस्था इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (क्ठळअउल्),लखनऊ को नामित किया गया हैं क्ठळअउल् द्वारा वर्ष 1930 से 1950 के 26 मानचित्रों तथा 1957 के पश्चात की 95 पत्रावलियों के कुल 5210 पृष्ठों का संरक्षण किया जाएगा । उक्त परियोजना के तहत आगामी दिनों में द्वारा प्राधिकरण के कर्मचारियों हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें अभिलेखों के वैज्ञानिक संरक्षण,कीट नियंत्रण,नमी प्रबंधन एवं पर्यावरणीय निगरानी से संबंधित तकनीकी



प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा `प्रशिक्षण उपरांत क्ठळअउल् द्वारा चयनित पुराने अभिलेखों एवं मानचित्रों का संरक्षण कार्य प्रायोगिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा जिसे दो माह की अवधि में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।इसी क्रम में प्राधिकरण द्वारा हाल ही में निर्मित नवीन अभिलेखागार में विभिन्न अनुभागों से प्राप्त पत्रावलियों को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के साथ-साथ पत्रावलियों/अभिलेखों का स्कैनिंग एवं डिजिटाइजेशन कार्य भी प्रारंभ कराया गया है जिससे अभिलेखों का दीर्घकालीन संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।